हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 3 मार्च 2026


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


11 अपर मुख्य सचिव ने हाथकरघा व हस्तशिल्प प्रशिक्षण का किया अवलोकन





12 होली से पहले धान का बोनस निकालने बैंकों में लगी भीड़






## बस्तर की खुशबू और हर्बल रंगों से महकेगी होली, कलेक्टोरेट में सजे स्व-सहायता समूहों के स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रंगों के महापर्व होली की आहट के साथ ही बस्तर में उत्सव का माहौल बनने लगा है। इस वर्ष होली को सुरक्षित और स्थानीय हुनर के साथ यादगार बनाने के लिए जगदलपुर स्थित कलेक्टोरेट परिसर में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हर्बल गुलाल और फैंसी सामग्री के विक्रय हेतु विशेष स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉल्स की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहाँ उपलब्ध गुलाल पूरी तरह प्राकृतिक तत्वों से निर्मित है, जो रसायनों के दुष्प्रभावों से मुक्त और त्वचा के लिए पूर्णतः सुरक्षित है। परिसर में सजे इन स्टॉल्स पर न केवल विभिन्न रंगों के सुगंधित हर्बल गुलाल मिल रहे हैं, बल्कि होली के लिए विशेष फैंसी सामग्री और बच्चों के आकर्षण के केंद्र भी उपलब्ध हैं। जिला प्रशासन की इस पहल के माध्यम से जहाँ एक ओर आम नागरिकों को शुद्ध और मिलावट रहित रंगों का विकल्प मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त मंच भी प्रदान किया गया है। स्थानीय संसाधनों और फूलों-पत्तियों के अर्क से तैयार यह गुलाल बस्तर की माटी की खुशबू को त्यौहार के उल्लास में घोल रहा है।



**हर्बल गुलाल व रंग खरीदा कलेक्टर व अफसरों ने**

स्टाल का कलेक्टर आकाश छिकारा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत प्रतीक जैन एवं अपर कलेक्टर सी पी बघेल द्वारा अवलोकन कर उत्पादों को क्रय करते हुए महिला समूह के सदस्यों को प्रोत्साहित किया।

### वोकल फॉर लोकल के संकल्प को सार्थक करते हुए मनाएं होली



#### अधिक से अधिक खरीदी करें स्टाल्स से

प्रशासन और स्व-सहायता समूहों ने शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक संगठनों और अधिकारी-कर्मचारियों से विनम्र अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन स्टॉल्स पर आएं। आपकी एक छोटी सी खरीदी न केवल आपकी होली को रंगों से सराबोर करेगी, बल्कि बस्तर की मेहनतकश महिलाओं के जीवन में भी आर्थिक समृद्धि और खुशियों के नए रंग भरेगी। वोकल फॉर लोकल के संकल्प को सार्थक करते हुए इस बार की होली प्राकृतिक रंगों और स्थानीय प्रेम के साथ मनाने के लिए लोगों को आमंत्रित किया गया है।

### सीसीटीवी से रखी जा रही नजर, चारपहिया व बाइक से पेट्रोलिंग

## हुड़दंगियों पर नजर रखने चार सौ जवान तैनात, सड़क पर उतरी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शातिंपूर्ण तरीके से होली मनाने एक ओर जहां बस्तर पुलिस द्वारा जागरूकता पोस्टर जारी किया गया वहीं सोमवार शाम फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शातिंपूर्ण तरीके से होली मनाने अपील की गई। पुलिस ने पर्व के दौरान हुड़दंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने सदेंश देते हुए कहा है कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले तथा बाइक में तीन सवारी और तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई किया जाएगा।

- शहर के मुख्यमार्गों पर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

होली पर्व को देखते हुए पुलिस ने एक दिन पूर्व जागरुकता पोस्टर जारी किया। इन पोस्टरों में नशा करके गाड़ी नही चलाने और दूसरों की जान बचाने की अपील करते हुए कहा कि नशे में पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि शराब पीकर गाड़ी न चलाएं महिलाओं का सम्मान करें तथा सुरक्षित व सभ्या होली मनाएं जिससे दूसरों को तकलीफ नहीं होनी चाहिए।

सोमवार शाम कोतवाली थाना परिसर से एएसपी माहेश्वर नाग के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाली गई जो शहर के मुख्य मार्गों से निकली। इस फ्लेग मार्च में दुपहिया व चारपहिया वाहनों के साथ अधिकारियों व जवानों ने पैदल मार्च किया। इस दौरान लोगों से शातिंपूर्ण व सौहार्दपूर्ण होली मनाने अपील किया गया। यह फ्लैग मार्च के जरिए पुलिस बल द्वारा शक्ति प्रदर्शन करते हुए शहर के महत्वपूर्ण चौक चौराहों व संवेदनशील क्षेत्रों में किया फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा जनता को शुभकामनाओं सहित शांति और सौहाद्रपूर्ण होली मनाने की समझाइश दी गई। एसपी शलभ सिन्हा ने कहा कि शक्ति प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य आपराधिक तत्वों को चेतावनी देना एवं शहर के नागरिकों विशेषकर महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है जिससे शहर के नागरिक निर्भीक व सुरक्षित होकर होली का त्यौहार मना पायें।

#### बिजली तार के नीचे होलिका दहन नहीं करने की अपील

शहरवासियों को दिए सदेंश में एएसपी माहेश्वर नाग ने अपील करते हुए कहा कि बिजली तार के नीचे होलिका दहन न करें जिससे आगजनी की स्थिति निर्मित हो सकती है। इसके अलावा होली पर्व पर शराब पीकर लड़ाई झगड़ा वाद विवाद न करें तथा होली पर्व पर मुखौटा का प्रयोग न करें, शराब पीकर वाहन न चलाये तथा जोर जबरदस्ती रंग गुलाल का प्रयोग न करें। तेज रफ्तार व क्षमता से अधिक संख्या में बैठ कर गाड़ी नहीं चलाने तथा परीक्षाओं के मद्देनजर ध्वनि विस्तारक यन्त्र न बजायें और होली पर्व को लेकर किसी भी तरह का अफवाह न फैलायें।





## माड़पाल से अंगीठी लाकर सिरहासार के सामने जलाई गई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रियासतकालीन माड़पाल होलिका दहन में बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव शामिल होकर विभिन्न रस्मों का परंपरा के अनुसार निर्वहन करते है। माड़पाल के इस आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि बस्तर महाराजा रात्रि 8 बजे तक नहीं पहुंचे। देर से आकर सभी रस्मों में शिरकत करेंगे। जिनमें देवी की पूजा के बाद रथारूढ़ होकर बस्ती की परिक्रमा करेंगे। उसके बाद होलिका दहन में शामिल होंगे। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शाम को अपने समर्थकों और पार्टी के लोगों के साथ माड़पाल पहुंचे । उन्होंने सबसे पहले मावली माता मंदिर में देवी दर्शन कर पूजा अर्चना की। वहीं क्षेत्र की जनता से मिलकर होलिका दहन की शुभकामनाएं दी। विधायक ने आदिवासी लोक नर्तक दल से भी मुलाकात कर होली के बारे में चर्चा की। इस दौरान जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, भाजपा नेता रजनीश पाणीग्राही, राजेश शर्मा, महेंद्र सेठिया, मनोहर तिवारी, अच्युत सामंत एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- बस्तर महाराजा के पहले विधायक पहुंचे माड़पाल

**ओड़शिी नाट की रही धूम :** ऐतिहासिक माड़पाल होलिका दहन में मुख्य आर्कषण रात भर चलने वाला नाट का होता है। अपनी देशी भावभंगिमा के साथ रंग बिरंगे वेशभूषा में नाट ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### सबसे पहले जलती यहां किया जाता है होलिका दहन

सैकड़ों साल से चली आ रही परंपरा में माड़पाल का होलिका दहन सबसे पहले होता है। वहां से अंगीठी लाकर सिरहासार के समीप मावली मंदिर के पास देर रात होली जलाई गई। इस अवसर में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## 24 घंटे में तीन आरोपी धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

होली से पूर्व घटनाओं पर अकुंश लगाने बस्तर पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। बीते 24 घटें में बोधघाट पुलिस ने अलग अलग स्थानों में कार्रवाई करते हुए धारदार हथियार के साथ तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हे जेल भेजा गया।

- होली से पूर्व गुण्डागर्दी करने वालों के खिलाफ हुई कार्रवाई

धारदार हथियार लेकर गुण्डागर्दी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित दत्ताराव धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था।



प्रार्थिया श्रीमती पूजा नाग 36 साल निवासी बलिराम कश्यप वार्ड मंगल भवन के पास नयामुंडा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 28 फरवरी को वह अपने परिवार के साथ घर पर खाना खा रहा थे। तभी रात लगभग 10 बजे आरोपी विवेक पांडे व हिमेश उर्फ हिमांशु पांडे दोनों निवासी बलिराम कश्यप वार्ड गुप्तीनुमा चाकू लेकर उनके घर के सामने आए और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए दरवाजा को लात मारकर तोड़ खोल कर गुप्तीनुमा चाकू दिखाकर डरा धमका कर धक्का मुक्का व मारपीट किया गया। रिपोर्ट पर टीम द्वारा तत्काल एक्शन लेते हुए आरोपियों को पकड़कर उनके कब्जे से चाकू को बरामद कर जब्त किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351(2), 333, 3(5) बीएनएस तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

**धारदार बण्डा के साथ एक गिरफ्तार :** एक अन्य मामले में बोधघाट पुलिस ने एक आरोपी को बण्डा के साथ गिरफ्तार किया है। मामला बोधघाट थाना क्षेत्र के तेतरखुटी क्षेत्र का है। प्रार्थिया प्रेमलता बघेल 35 वर्ष निवासी अघनपुर तेतरकुटी पुजारीपारा पंचायत भवन के पास ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके घर में एक महिला तेजेश्वरी अपने दो बच्चों के साथ किराए में रहती है तेजेश्वरी का भाई पंकज हमेशा शराब पीकर आता है और अपनी बहन तेजेश्वरी से लड़ाई झगड़ा गाली गलौज करता है। घटना दिनांक 28 फरवरी को प्रार्थिया अपने माता-पिता और अपनी बेटी के साथ अपने घर में तभी रात में लड़ाई झगड़ा गाली गलौज की आवाज को सुनकर बाहर निकली तो देखी कि तेजेश्वरी का भाई पंकज अपनी दीदी से लड़ाई झगड़ा कर रहा था जिसे रोकने व मना करने पर उसने मां बहन की अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए धारदार हथियार देसी बंडा चाकू दिखाकर डरा धमका कर धक्का मुक्का व मारपीट करने लगा। रिपोर्ट पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

**स्वयं को खुफिया पुलिस का बताकर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार**

## सीआरपीएफ में नौकरी लगाने के नाम पर 1.80 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वंय को खुफिया पुलिस का बताते हुए सीआरपीएफ में नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को बोधघाट पुलिस ने कांकेर से गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

- रुपए मांगने पर मोबाइल व बाइक लूट कर फरार आरोपी पकड़ा गया गया जेल

ठगी की रिपोर्ट पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी अमित देवांगन के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में आरोपी को गिरफ्तार करने टीम गठित किया गया था। 27 फरवरी को मामले की रिपोर्ट बोधघाट थाना में दर्ज कराते हुए प्रार्थी रूपेश कुमार कश्यप 20 वर्ष निवासी ग्राम राजनगर थाना बकावण्ड ने बताया कि उसने एसएससी (जीडी) की नौकरी के लिए फॉर्म भरा था! जगदलपुर में उसकी की मुलाकात मोहित यादव पिता चंद्रशेखर यादव ग्राम दतावली थाना मटसेना तहसील फिरोजाबाद उत्तरप्रदेश जो वर्तमान में एलआईसी रोड धरमपुरा में रहता है से हुआ। उसने बताया कि वह सीआरपीएफ ▶▶| शेष पेज 10 पर



#### आरोपी को कांकेर से किया गया गिरफ्तार

मामले की पड़ताल कर रही गठित टीम द्वारा आरोपी को उत्तर बस्तर कांकेर से पकड़कर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ में उसने अपराध करना कबूल किया जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई ललित नेगी, लोकेश्वर नाग, एएसआई दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, पवन श्रीवास्तव, आरक्षक परमानन्द भोयर व होरीलाल आर्मो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सड़क संपर्क और शैक्षणिक अधोसंरचना को मजबूत करने पर विशेष जोर

## विधायक ने शहर में करोड़ों के विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव तथा महापौर संजय पांडे ने 3 करोड़ 84 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अभियान में शहर में सड़क संपर्क और शैक्षणिक अधोसंरचना को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। लालबहादुर शास्त्री वार्ड में खपराभटटी से तहसीलदार आवास तक बीटी सड़क निर्माण लागत 22.89 लाख रुपए, धरमपुरा क्षेत्र का एमपीएम हास्पिटल से एलआईसी आफिस तक बीटी सड़क निर्माण लागत 1 करोड़ 90 लाख रुपए, लोकमान्य तिलक व महाराणा प्रताप वार्ड में कंगोली से पुलिस हाउसिंग कालोनी तक बीटी सड़क निर्माण लागत 60.18 लाख रुपए, गुरु गोबिंद सिंह वार्ड में उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन निर्माण लागत 20.27 लाख रुपए छत्रपति शिवाजी व गुरु गोबिंद सिंह वार्ड में स्थित पंडरी तालाब का



सौंदर्यीकरण कार्य लागत 79.04 लाख रुपए एवं छत्रपति शिवाजी व गुरु गोबिंद सिंह वार्ड में पंचायत भवन से बाल बाड़ी तक बीटी सड़क निर्माण कार्य लागत 11.09 लाख रुपए कुल लागत 3 करोड़ 84 लाख रुपए के विकास कार्यों का किया गया ।

**ये रहे मौजूद :** इस दौरान पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, अनुसुचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, पूर्व विधायक लच्छुराम कश्यप, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एम आई सी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, लक्ष्मण झा, संजय विश्वकर्मा, त्रिवेणी रंधारी,पार्षद नरसिंह राव,नेहा धुव, लोकेश चौधरी, पूनम सिन्हा, यशवंत धुव, श्याम सुंदर, संतोष गौर, रजनीश पानीग्राही, आर्येंद्र सिंह, प्रदीप देवांगन,मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, महिला मोर्चा अध्यक्ष महेश्वरी ठाकुर, किसान मोर्चा अध्यक्ष योगेश ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिलाष यादव, राजपाल कसेर, बी जयराम, शशिकांत गौतम, ममता राणा, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज एवं उप अभियंता के अलावा वार्डवासी व पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

#### बुनियादी सुविधाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने प्रतिबद्धः किरण

किरण देव ने कहा कि सरकार बुनियादी सुविधाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिन सड़कों, तालाब व शाला भवन की आधारशिला आज रखी गई है, प्रगति के रास्ते हैं। हमारा लक्ष्य है कि शहर का कोई भी क्षेत्र का विकास अधूरा न रहे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व में विकास कार्य अनवरत जारी रहेगा। विकास कार्य में राशि की कमी नहीं होगी। महापौर ने कहा कि शहर में लगातार विकास कार्य तेज गति के साथ हो रहे हैं। जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य हो रहे हैं। आज जिन सड़कों का भूमिपूजन किया गया इन सड़कों की मांग क्षेत्र की जनता लगातार कर रही थी। विधायक के नेतृत्व में शहर में जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य हो रहे हैं। शहर की बहुप्रतीक्षित मांगो को पूरा करने का कार्य किया जा रहा है।

## संगठित प्रयास रचते हैं इतिहास : सलाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सर्व आदिवासी समाज के कर्मचारी, अधिकारी प्रभाग का कोयाकूटमा भवन परपा में संभागीय कार्यकारिणी मनोनयन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ पारंपरिक आदिवासी रीति-रिवाजों के अनुरूप किया गया। सेवा अर्जी के अंतर्गत गाँव गोसिन, जिमिदारीन माटी आया, मावली आया तथा पेन-पुरखा की विधिवत आराधना की गई। इसके पश्चात संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं भूमकाल योद्धाओं गुंडाधुर, मडकामीमासा, झाड़ा सिरहा, हरचंद नाइक और जकरकन भतरा के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक गरिमा का वातावरण दिखा। न व नि र्वा चि त पदाधिकारी डॉ. जीवन सलाम ने संभागीय अध्यक्ष की शपथ ली। इसके उपरांत अन्य पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से शपथ लेकर संगठन के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की। अपने उद्बोधन में डॉ. जीवन सलाम ने कहा कि संगठित प्रयास इतिहास रचते हैं। उन्होंने आश्वस्त ▶▶| शेष पेज 10 पर

- सर्व आदिवासी समाज कर्मचारी, अधिकारी प्रभाग का शपथ ग्रहण

### खबर संक्षेप

#### युवा कांग्रेस संगठन की रीढ़ है : लखेश्वर



**जगदलपुर।** बकावंड युवा कांग्रेस में विजय भारती अध्यक्ष नियुक्त किए गए। विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ने शुभकामनाएं दी है। विधायक ने कहा कि युवा कांग्रेस संगठन की रीढ़ है और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। उन्होंने विजय भारती को संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने, क्षेत्र की जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा अधिक से अधिक युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। विजय भारती ने संगठन के हित में जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष उत्तम नाइक, हेमंत कश्यप, सरपंच कुलधर, जगमोहन सहित अन्य कांग्रेसजन एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### होली पर 4 मार्च को रहेगा शुष्क दिवस

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा के द्वारा 4 मार्च को होली के अवसर पर मदिरा विक्रय हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके तहत जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें अर्थात देशी मदिरा सी-एस-2 (घघ-कम्पोजिट), विदेशी मदिरा एफएल-1 (घघ), विदेशी मदिरा एफएल-1 (घघ कम्पोजिट), एफएल-3 (होटल एंड बार), एफएल-7 (सैनिक कैंटिन) एवं मद्य भण्डागार को 3 मार्च को समयावधि पश्चात बंद करने सहित 4 मार्च को पूर्णतः बंद रखे जाने हेतु एतद द्वारा आदेशित किया गया है।

#### कलेक्टर ने किया लामनी पार्क का निरीक्षण



**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने रविवार को शहर के प्रमुख पर्यटन केंद्र लामनी पार्क का विस्तृत निरीक्षण किया। नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा भी इस अवसर पर साथ थे। छुट्टी के दिन किए गए इस औचक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य पार्क की वर्तमान स्थिति का जायजा लेना और वहां पर्यटकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाना था। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर छिकारा ने पार्क के भीतर स्थित विभिन्न आकर्षणों, जैसे थिएटर गार्डन, बर्ड पार्क और एडवेंचर जोन का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने पार्क के प्राकृतिक स्वरूप और वहां की हरियाली की सराहना की, साथ ही अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि पार्क की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर करने की आवश्यकता है ताकि पर्यटकों को हर बार कुछ नया अनुभव हो सके।

#### महादेव की पूजा अर्चना के बाद चित्रकोट में होली जली



**जगदलपुर।** लोहंडीगुड़ा ब्लाक के चित्रकोट के प्रतापेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार की शाम होलिका दहन परंपरा अनुसार किया गया। पहले महादेव की पूजा अर्चना की गई और फिर होली जलाई गई। पूर्व विधायक लच्छुराम कश्यप, वरिष्ठ किसान कृष्णा ठाकुर, विजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनांए दी।

## खबर संक्षेप

### होली के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने 4 मार्च को होली के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जारी आदेश के तहत होली के अवसर पर जिले की समस्त देशी मदिरा दुकान सी.एस.2 (घघ), विदेशी मदिरा दुकान एफ.एल.1 (घघ) विदेशी कंपोजिट मदिरा दुकान एफ.एल.1 (घघ–कंपोजिट), देशी विदेशी मदिरा अहाता तथा एफ. एल. 7 सैनिक कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बंद रहेगा तथा अवैध शराब बिक्री, धारण, परिवहन आदि पर समुचित नियंत्रण रखा जाएगा।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के वारिसों को 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना ने आपदा पीड़ित को राशि जारी की। कोण्डागांव तहसील के ग्राम तहसीलपारा वार्ड निवासी कमलसिंह ठाकुर की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी कोयन्तीन बाई ठाकुर, पुत्री संगीता ठाकुर एवं पुत्र राहुल ठाकुर को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। केशकाल तहसील के ग्राम दादरगढ़ निवासी गुप्तेश्वरी कोरेटी की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी माता राधिका कोरेटी को 4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। फरसगांव तहसील के ग्राम कुल्हाड़गांव निवासी सुकड़ीबाई की दीवार गिरने से दबकर मृत्यु होने पर उनकी पुत्री बुधयारिन एवं दशनी को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम विश्रामपुरी निवासी जयोबाई की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पुत्री कुमारी एवं संगीता को 4 लाख रुपये की सहायता राशि दी गई।

### स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला 6 मार्च को

**कोण्डागांव।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोण्डागांव द्वारा राज्य में नवाचार, स्टार्टअप एवं उद्यमिता संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति 2025–30 के व्यापक प्रचार–प्रसार के तहत आयोजित होगा। यह कार्यशाला जिले के महाविद्यालयों एवं आईटीआई के विद्यार्थियों, जमीनी स्तर के नवप्रवर्तकों, युवाओं, महिलाओं तथा स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को ध्यान में रखकर आयोजित की जा रही है।

## पेज 9 के शेष

### माड़पाल से अंगीठी...

दल के ग्रामीण युवक बिना थके घंटों तक लोगों का मनोरंजन करते है। विशेष रूप से युवक का युवती बनकर उछल कूद और नाट्य की प्रस्तुती देना दर्शकों के लिए न केवल मनोरंजन बल्कि हंसी ठिठोली का मजेदार अवसर भी होता है। सरपंच महादेव बाकड़े ने ओड़िसा के 3 नाट दल के रात भर कार्यक्रम होने की बात कही। एक दल को 50 हजार से अधिक देना पड़ता है इस तरह 3 नाट दल का खर्चा 2 लाख तक हो जाता है। बहरहाल इस साल चंदे से हुए माड़पाल के इस रियासतकालिन होलिका दहन में लोगों को उत्साह में लवरेज देखा गया।

### सीआरपीएफ में ...

के खुफिया पुलिस विभाग में हूं मेरे ऊपर के लोगों से अच्छी जान पहचान है। उसने बताया कि जिला सुकमा में सीआरपीएफ का वैकेंसी निकला है फॉर्म भर देना वहां तुम्हारी नौकरी लग जाएगी और इसके एवज में 3 लाख रूपए लगेगा। प्रार्थी को अच्छे से पढ़ना कह कर बुक भी दिलाया प्रार्थी को ठगी का आभास होने पर वह अपने मोटरसाइकिल से दिए गए रुपए को वापस मांगने के लिए गया तो आरोपी ने पीड़ति को जान से मारने की धमकी देते हुए डरा धमका कर उसके मोबाइल व हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को लूटकर भाग गया था।

### संगठित प्रयास ...

किया कि संगठन की गतिविधियाँ तथ्य आधारित एवं पारदर्शी होगा, हमारा लक्ष्य समाज का सशक्तिकरण है।

**शारदा, मासा व अमर बने उपाध्यक्ष :** सलाहकार हेमंत नाग ने कहा कि संगठन संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। पेसा अधिनियम, वनाधिकार अधिनियम तथा पारंपरिक अधिकारों के संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। उपाध्यक्ष शारदा कश्यप, मासा राम कुंजाम एवं अमर मरकाम, महासचिव राजेंद्र बघेल तथा संभागीय समन्वयक हेमंत कुमार नाग, कोषाध्यक्ष किशोर कुमार मंडावी और सह-कोषाध्यक्ष प्रभु लाल नाग, संयुक्त सचिव पांडू वट्टी, रतनी नुरेटी, पूनम नेताम एवं नोमेश पिद्दा, मीडिया प्रभारी नारायण सिंह मौर्य, संभागीय प्रवक्ता पवन नेताम एवं तुलसी ठाकुर बने।

# कलेक्टर ने खरीदा हर्बल गुलाल, प्राकृतिक रंगों के उपयोग का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए जिला कार्यालय परिसर में फरसगांव विकासखंड के ग्राम झाटीबन की मां शीतला स्व–सहायता समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल के विक्रय हेतु स्टॉल लगाया गया।

सोमवार को कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने स्टॉल का निरीक्षण कर हर्बल गुलाल की खरीदी की और होली पर्व पर रासायनिक रंगों के बजाय प्रा—तिक रंगों के उपयोग का संदेश दिया। उन्होंने समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे हर्बल गुलाल की सराहना करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया। समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल में पलाश, धवई, मेहंदी, चुकंदर, लाल भाजी, पालक, हल्दी एवं गुलाब जल जैसे पूर्णतः प्राकृतिक तत्वों का उपयोग किया गया है। यह गुलाल त्वचा के लिए सुरक्षित होने के साथ–साथ शीतलता भी प्रदान करता है।

प्राकृतिक तत्वों से निर्मित यह गुलाल बाजार में उपलब्ध रासायनिक रंगों से होने वाली त्वचा एलर्जी, अस्थमा, खुजली, सिरदर्द एवं संक्रमण जैसे दुष्प्रभावों से बचाव करता है, जिससे यह पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए लाभकारी है।

**जिला कार्यालय में स्व–सहायता समूह ने लगाया हर्बल गुलाल स्टॉल**



**महिलाओं को मिल रही अतिरिक्त आय**

हर्बल गुलाल निर्माण के लिए समूह की महिलाएं वर्षभर आवश्यक वनोपज का संग्रहण करती हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय का साधन भी प्राप्त हो रहा है। इस कार्य में कृषि विज्ञान केंद्र, कोण्डागांव द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।

### चारा फसल व पशुधन प्रबंधन पर हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण

# चारा फसल, समन्वित कृषि प्रणाली और बतख पालन पर दिया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना "चारा फसलें एवं उपयोगिता" जनजातीय उप योजना अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, पूर्वी बोरगांव, कोंडागांव में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उन्नत चारा उत्पादन, पशुधन प्रबंधन तथा समन्वित कृषि प्रणाली के माध्यम से आय वृद्धि के प्रति जागरूक करना रहा। प्रशिक्षण में जिले के कृषकों, जनप्रतिनिधियों एवं कृषि विशेषज्ञों की सक्रिय भागीदारी रही।

■ जनजातीय उप योजना के अंतर्गत हुआ आयोजन

कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि पशुधन भारतीय कृषि व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने एवं कृषि प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए वैज्ञानिक चारा प्रबंधन आवश्यक है। गुणवत्तापूर्ण चारा फसलों को अपनाकर किसान श्वेत क्रांति के लक्ष्य की ओर अग्रसर हो सकते हैं। मुख्य अतिथि नगर पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने कहा कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने किसानों से राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर आधुनिक एवं उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने की अपील की।



**चारा उत्पादन से आय वृद्धि संभव : डॉ. झा**

परियोजना प्रभारी डॉ. संतोष झा, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर ने बताया कि पशुधन आधारित आय में वृद्धि के लिए चारा फसलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने युवाओं से कृषि विज्ञान केंद्र से निरंतर संपर्क बनाए रखने का आग्रह किया, ताकि आधुनिक तकनीकों के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकें।

**जैविक खेती व वैकल्पिक पशुपालन पर जोर**

विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष मानकू राम नेताम ने विभागीय योजनाओं का लाभ लेने की सलाह दी। तरुण साना ने बटेर पालन एवं बतख पालन जैसे वैकल्पिक व्यवसाय अपनाने पर बल दिया। प्रवीर बदेशा ने जल संकट एवं रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

**20 किसानों को खाकी कैम्पबेल बतख के चूजे वितरित**

कार्यक्रम के अंत में जनजातीय उप योजना अंतर्गत 20 चयनित कृषकों को उन्नत नस्ल की खाकी कैम्पबेल बतख के चूजे निःशुल्क वितरित किए गए। इस अवसर पर 12 जनप्रतिनिधियों सहित कुल 96 किसानों ने प्रशिक्षण में भाग लेकर लाभ प्राप्त किया। मृदा विशेषज्ञ डॉ. विप्लव चौधरी ने समन्वित कृषि प्रणाली एवं चारा फसलों में मिट्टी की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी।

**कम खर्च में अधिक लाभदायक खाकी कैम्पबेल नस्ल**

वर्ष में 250–300 अंडे देने की क्षमता डॉ. हितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि खाकी कैम्पबेल नस्ल मूल रूप से इंग्लैंड की है और यह कम खर्च में अधिक लाभ देने वाली नस्ल है। यह वर्ष में लगभग 250–300 अंडे देती है, जिससे किसानों को नियमित आय प्राप्त होती है। यह नस्ल खुले वातावरण, खेतों एवं तालाबों में आसानी से पालन योग्य है। स्थानीय अनाज, घास एवं कीड़े–मकोड़ों से इसका पोषण हो जाता है, जिससे चारे का खर्च कम रहता है। अंडे और मांस दोनों की बाजार में अच्छी मांग होने से यह छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए कम निवेश में लाभदायक विकल्प साबित हो रही है।

# कोण्डागांव के विपुल का पूर्वी जोन अंतर विश्वविद्यालयीन शतरंज में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव के होनहार छात्र विपुल का चयन पूर्वी जोन अंतर विश्वविद्यालयीन शतरंज पुरुष प्रतियोगिता के लिए किया गया है। विपुल इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में शहीद महेन्द्र कर्मा विश्व विद्यालय, जगदलपुर की शतरंज पुरुष टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। विपुल का चयन महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय, रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। इस प्रतियोगिता में उत्तर बस्तर एवं दक्षिण बस्तर सेक्टर के प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन विश्वविद्यालय टीम के लिए किया गया।

■ 2 से 6 मार्च तक भुवनेश्वर में 40 विश्वविद्यालयों के बीच होगी प्रतिस्पर्धा

**प्रतियोगिता से पहले विशेष प्रशिक्षण शिविर :** प्रतियोगिता से पूर्व चयनित खिलाड़ियों के लिए शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर में विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भी किया गया, ताकि खिलाड़ी बेहतर तैयारी के साथ मैदान में उतर सकें। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एच.आर. यदु ने बताया कि प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम के मार्गदर्शन में जुलाई माह से उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विभिन्न खेलों का नियमित एवं व्यवस्थित अभ्यास कराया जा रहा है। इसी निरंतर अभ्यास का परिणाम है कि महाविद्यालय के विद्यार्थी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

**महाविद्यालय परिवार ने जताया हर्ष :** विपुल के चयन पर महाविद्यालय परिवार के समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी–कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त किया तथा आशा जताई कि वे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

**2 से 6 मार्च तक भुवनेश्वर में होगा आयोजन**

पूर्वी जोन अंतर विश्वविद्यालयीन शतरंज पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 6 मार्च 2026 तक कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में पूर्वी जोन के लगभग 40 विश्वविद्यालयों की टीमें हिस्सा लेंगी।

# धामनपुर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का सीएमएचओ ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी ने धामनपुर स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान आयोजित मितानिन संकुल बैठक का भी अवलोकन किया गया तथा गांव एवं पारा स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

■ उच्च जोखिम गर्भवती माताओं की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश

■ साफ–सफाई और सुव्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने पर भी दिया जोर

निरीक्षण के दौरान उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान, नियमित स्वास्थ्य जांच, सुरक्षित प्रसव की कार्ययोजना एवं फॉलोअप रजिस्टर की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक चिन्हित गर्भवती महिला की निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत निर्धारित दिवस पर सभी गर्भवती माताओं की अनिवार्य जांच कराई जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उप स्वास्थ्य केंद्र की साफ–सफाई, रखरखाव एवं परिसर की सुव्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। साथ ही आमजन के लिए संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी सूचना पटल पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए।



**केंद्र में नियमित सेवाएं देने के निर्देश**

स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को केंद्र में निवास कर नियमित सेवाएं प्रदान करने को कहा गया, ताकि ग्रामीणों को समय पर उपचार एवं परामर्श मिल सके। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आवश्यक दवाओं एवं जांच सामग्री किट पर्याप्त मात्र में उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। साथ ही मितानिन दवा पेटी की नियमित रिफिलिंग सुनिश्चित करने तथा दवा वितरण रजिस्टर को अद्यतन रखने पर भी बल दिया।

# कोहकामेटा–सुरडोंगर में हुआ शिक्षकों का क्रिकेट महाकुंभ

**केशकाल।** अध्यापक एसो सियेशन द्वारा आयोजित किक्रेट मैच का आयोजन कोहका मेटा व सुरडोंगर स्टेडियम मे किया गया जहाँ आयोजित 8 मैचो के मुकाबले बड़े हीं रोमाच कारी रहा। पहला मुकाबला केशकाल विरुद्ध कानागाँव हुआ जहाँ कानागाँव के 69रनो के जवाब मे एक विकेट खोकर 9 विकेट सें केशकाल ने यह मैच जीत लिया. जिस मैच के मेन आफ दी मैच वीरेंद्र धूर्व् 50 रन बना कर रहे। दूसरे मैच धनोरा विरुद्ध बड़े राजपुर के मैच मे धनोरा सेमीफाइनल मे प्रवेश रूप धर तामो के 19 बदौलत पहुँचे। तीसरे मैच मे केशकाल विरुङ धनोरा विजयी हुई।

■ धनोरा ने जीती स्पर्धा

दूसरे दिवस मर्दापाल विरुद्ध फरस गांव के मैच मे मेहुल 41 रन बनाकर आफ दी मैच रहे। अगले मैच फरसगाँव विरुद्ध कोंडागांव के मुकाबले नितेश मैन आफ दी मैच रहे। फाइनल मुकाबला धनोरा विरुद्ध विरुद्ध कोंडागांव के रुपधर तामो ने 27 रन बना कर मात्र 65 रनो का टारगेट दिया जिसे कोंडागांव की टीम पूरा नहीं कर पायी और धनोरा ने फाइनल मैच जीत लिया। फाइनल मैच की ट्राफी रंगीला भेड़ियि सरपंच कोहका मेटा. उप विजेता - सोनू कश्यप उप सरपंच, स्मृति चिन्ह बलराम नाग बी आर सी.उप विजेता स्व गौरी शंकर श्रीवास्तव की स्मृति सुपुत्र विवेक श्रीवासतव ने दिया। सभी मैचो के मेन आफ दी मैच क़ो समिति द्वारा दिया गया। बेस्ट बैट्स मेन केशकाल के वीरेंद्र धुर्वे-51रन क़ो धनोरा के गजेंद्र कावडे क़ो 8विकेट लेने पर बेस्ट बालर का ख़तिाब स्व प्रभाकर राव गायकवाड़ की स्मृति मे लोकेश गायकवाड़ द्वारा और मेन आफ दी सीरीज रुपधर तामो क़ो 88 सर्वाधिक रन बनाने पर दीपेश सेठिया सहा खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया गया।

**अध्यापक एसो. के प्रति किया आभार व्यक्त**

विशेष अतिथि साहित्य परिषद के अध्यक्ष - हरेंद्र यादव ने शिक्षको के लिए शासन सें आयोजन मे सहयोग करने की अपील की। तथा अध्यापक एसोसियेशन के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि सोनू कश्यप उप सरपंच ने इस आयोजन को अनोखा बताया और कहा कि जीवन भर विद्यालय के बच्चों को खेल खिलाने वाले स्वयं खेल खेले बहुत अच्छा लगा। नंद लाल लाड़यिा उप सरपंच गौर गांव साहित्य परिषद के उमेश मंडावी, बृजेश तिवारी, तौफीक आलम आदि की उपस्थिति रही इसके पूर्व प्रतियोगिता का विधिवत उदघाटन सतेन्द्र भेड़यिा एस एम डी सी अध्यक्ष व शोभा राम सिंहा ने किया। कार्यक्रम का संचालन लोकेश गायकवाड़, शोएब अली ने क्रमशः किया। आयोजन को सफल बनाने मे रुपधर तामो व समस्त स्टॉफ, ग्राम वासी कोहका मेटा का रहा है।

# अवैध शराब व नकद जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** होली पर्व को मद्देनजर रखते हुए अवैध शराब बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए थाना अनंतपुर पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार 1 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पंचायतपारा बड़े घोड़सोड़ा में डमरूधर नाग द्वारा अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की बिक्री की जा रही है। तलाशी के दौरान आरोपी के दुकान के कमरे से उड़ीसा राज्य के लेबल लगी अंग्रेजी शराब मैक्डावल नंबर 01 के 30 क्वॉटर प्रत्येक 180 एमएल कुल 5400 एमएल शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कुल कीमत लगभग 5400 रुपये आंकी गई। साथ ही बिक्री की नकद रकम 500 रुपये भी बरामद की गई। आरोपी डमरूधर नाग उम्र 29 वर्ष, निवासी पंचायत पारा बड़े घोड़सोड़ा थाना अनंतपुर, के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। आरोपी को नोटिस देकर देहाती नालसी पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।





# टेनिस बॉल टूर्नामेंट में भेजा को हराकर परोदा बनी चैम्पियन

**कोण्डागांव।** सीआरपीएफ की 188वीं बटालियन द्वारा पुसपाल घाट क्षेत्र में 28 फरवरी से 2 मार्च तक तीन दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता लगातार पांचवीं बार आयोजित की गई। आयोजन भवेश चौधरी, कमांडेंट 188वीं बटालियन के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। और मैचों के दौरान चौकों–छक्कों की बरसात से दर्शक रोमांचित हो उठे।

टूर्नामेंट फाइनल मुकाबला टीम भेजा और टीम परोदा के बीच खेला गया, जिसमें परोदा की टीम विजेता रही। समापन अवसर पर विजेता टीम को ट्रॉफी एवं 11,000 नगद तथा उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं 5,000 नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर और बेस्ट बैट्समैन को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम और ग्रामीणों को सम्मान –** कार्यक्रम के दौरान स्थानीय बच्चों एवं कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दूर–दराज से आए सैकड़ों ग्रामीणों के बीच साड़ी एवं लुंगी का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर कमांडेंट भवेश चौधरी ने 188वीं बटालियन द्वारा निर्मित प्याऊ का उद्घाटन किया। साथ ही ग्रामीणों की आस्था को ध्यान में रखते हुए निर्मित शिव मंदिर एवं महादेव विश्राम स्थल का भी लोकार्पण किया गया। कभी वीरान और भयग्रस्त रहा यह क्षेत्र आज सौंदर्यीकरण के बाद एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों पर्यटक पहुंच रहे हैं। 188वीं बटालियन लंबे समय से नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा के साथ–साथ सामाजिक विकास कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है।

**पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

कार्यक्रम के दौरान पुसपाल वैली में पौधारोपण कर प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। मुख्य अतिथि भवेश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र केवल संघर्ष की पहचान नहीं हैं, बल्कि बदलाव, उम्मीद और पुनर्निर्माण की मिसाल भी बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब युवाओं के हाथ में हथियार की जगह क्रिकेट का बल्ला होता है, तो भविष्य स्वतः सुरक्षित और उज्ज्वल बनता है।

### कलेक्टर ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, दिए निर्देश

# हितग्राहियों को समय पर दिलाएं लाभ, निर्माण कार्यों में रखें गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने सोमवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए हितग्राहियों को समय पर लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बजट में स्वीकृत विकास कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने पर विशेष बल दिया। साथ ही संबंधित विभागों को योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य कर्मियों की समय पर उपस्थिति एवं स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया गया।

शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में राशन की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए नागरिक आपूर्ति निगम को समय पर भंडारण पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत ई–केवाईसी कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश कृषि विभाग को दिए। वहीं श्रम विभाग को दीदी ई–रिक्शा योजना के माध्यम से अधिक से अधिक महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा। विद्युत विभाग को अवैध विद्युत कनेक्शन एवं अनाधिकृत पंप संचालन पर रोक लगाने के लिए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



**आंगनबाड़ी और जल जीवन मिशन पर जोर –** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में रनिंग वॉटर की सुविधा उपलब्ध कराने तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत 'हर घर जल' प्रमाणीकरण की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में केशकाल नगर मुख्य मार्ग उन्नयन एवं नारायणपुर मार्ग निर्माण कार्य की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने एनएच अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**खबर संक्षेप**

## सातधार महिला उत्पादक समूह भवन का उद्घाटन



**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत हितामेटा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित बिहान योजना के तहत सातधार महिला उत्पादक समूह के नवनिर्मित भवन का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। नव-निर्मित भवन के माध्यम से उत्पादक समूह की दीदियां जिले में उपलब्ध विभिन्न वनोपज जैसे इमली, महुआ, टोरा, अमचूर, रागी, कोदो, कुटकी एवं धान आदि का क्रय कर उनका मूल्य संवर्धन करते हुए विक्रय करेंगी। इन उत्पादों का विपणन जिले में बिहान मिशन द्वारा गठित किसान उत्पादक कंपनी तथा खुले बाजार में किया जाएगा। इन समूहों से प्रत्यक्ष रूप से लगभग 1750 दीदियां जुड़ी हुई हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य ममता मंडावी, जनपद सदस्य मुन्नाराम कश्यप, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गीदम जनपद पंचायत सीईओ बलराम ध्रुव, उत्पादक कंपनी के सीईओ अभिजीत सरकार तथा एसी रावेंद्र मंडावी सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**गीदम।** समग्र शिक्षा जिला दंतेवाड़ा द्वारा राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर के निर्देशानुसार वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2025-26 में प्राप्त स्वीकृति के आधार पर तथा कलेक्टर दंतेवाड़ा के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन जिला अधिकारी के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों से संबंधित तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गीदम स्थित सक्षम बालक आवासीय विद्यालय जावंगा में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय स्तर पर दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए समावेशी, सहयोगात्मक एवं अनुकूल शिक्षण वातावरण विकसित करना था, ताकि प्रत्येक बच्चा अपनी क्षमता के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सके। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस जिले की चिन्हांकित 55 शालाओं के प्रधानाध्यापकों ने सहभागिता की।

### विकास के लिए आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना आवश्यक

# एरण्डवाल व राजूर में 15.11 लाख के विकास कार्यों का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

तोकापाल ब्लॉक के ग्राम पंचायत एरण्डवाल एवं राजूर में आज कुल 15.11 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके द्वारा भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

■ क्षेत्र के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी : गोयल



ग्राम एरण्डवाल में विधायक निधि अंतर्गत 150 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त बस्तर विकास प्राधिकरण मद अंतर्गत 4.81 लाख रुपये की लागत से एक अन्य सीसी सड़क निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। वहीं ग्राम पंचायत राजूर में 5.30 लाख रुपये की लागत से आर सीसी पुलिया निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इन सभी कार्यों को मिलाकर कुल 15.11 लाख रुपये की विकास योजनाओं की आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विनायक गोयल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है। सड़क और पुलिया जैसे निर्माण कार्य न केवल आवागमन को सुगम बनाते हैं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों तक पहुंच को भी आसान करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाए, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने आगे कहा कि एरण्डवाल और राजूर में लंबे समय से सड़क एवं पुलिया निर्माण की मांग की जा रही थी।

बरसात के दिनों में ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। विशेष रूप से छात्रों, किसानों और मरीजों को समस्या होती थी। इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी तथा आवागमन सुचारू और सुरक्षित होगा। विधायक ने यह भी आश्वासन दिया कि क्षेत्र के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा। ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना उनकी पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल, पदमनी कश्यप, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, चन्द्रकांत भण्डारी, मुन्ना कश्यप, सनमती घोष, मेघराज ठाकुर, सरपंच विश्वानाथ मौर्य, अतिम भण्डारी, प्रेम कुमार भण्डारी, सम्पत कश्यप, आरती प्रधान, सोनादेई बघेल, मेघनाथ बघेल एवं अन्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहनों व आचार्यों ने खेली फूलों की होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में भारतीय परंपरा एवं वैदिक रीति रिवाज के साथ भैया बहन व आचार्यो ने फूलों से होली खेली। गौरतलब है कि विगत कई वर्षों से विद्यालय में होली का त्यौहार रंग गुलाल को त्याग कर फूलों की होली से मनाया जाता है। केमिकल भरे गुलाल से दूर रह कर विगत कई वर्षों से विद्यालय में फूलों से होली खेली जाती है। बच्चों द्वारा अपने-अपने घरों से फूल का संग्रह कर लाया जाता है और फिर सभी फूलों से होली खेलते हैं। विद्यालय के अधिकतर भैया बहन घर में भी अपने परिवार के साथ फूलों से ही होली खेलते हैं। सोमवार को विद्यालय परिसर में सादगी पूर्ण होलिका दहन किया जायेगा। जिसमें नगर से माताएं बहनो व पुरुषों द्वारा होलिका की पूजा कर फेरा लगाया जाता है और एक दूसरे से गले मिलते हैं। विद्यालय में भैया बहनो को आचार्यों द्वारा होली त्यौहार पर हिरण्यकश्यप प्रहलाद की कहानी सुनाई गई व बताया गया कि किस प्रकार बुराई के ऊपर अच्छाई की जीत हुई। प्रकाश जनरल स्टोर गीदम व जैन बंधु जनरल स्टोर जगदलपुर द्वारा प्रतिवर्ष विद्यालय में पढ़ने गरीब तबके के भैया बहनों को रंग, गुलाल व पिचकारी की व्यवस्था करवाई जाती है। होलिका दहन के दूसरे दिन विद्यालय के भैया व आचार्य बंधु पिछड़ी बस्ती, सफाई कर्मचारी व थाना में जाकर सिपाहियों के साथ सादगी पूर्ण होली खेलते हैं। समाज में एक अच्छा संदेश देने व समाज में फैली हुई बुराइयां और कुरीतियों को दूर करने के लिए आचार्य बंधुओं व भैया बहन प्रयास करते हैं। त्यौहार में मांसाहार का सेवन ना हो व नशीले पदार्थों का सेवन ना हो इसके लिए भैया बहन व आचार्य बंधु प्रचार प्रसार करते हैं।

## शांति समिति की बैठक में सौहार्द्र बनाए रखने का आह्वान



हरिभूमि न्यूज : बीजापुर

आगामी होलिका दहन, होली एवं ईद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा व्यापारिक संगठनों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल ने सभी समुदायों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और सामाजिक एवं धार्मिक सौहार्द को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार खुशियों और एकता का संदेश देते हैं, अतः सभी नागरिक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी असामाजिक गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। बैठक के दौरान विभिन्न समाजों एवं संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए, जिन्हें प्रशासन ने गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

### प्रशासन के जारी निर्देश

होलिका दहन के लिए लकड़ी आदि की व्यवस्था करते समय किसी की निजी संपत्ति को नुकसान न पहुंचाया जाए। सभी धर्मों का सम्मान करते हुए धार्मिक एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखा जाए। रात्रि 10 बजे तक ही होलिका दहन सम्पन्न किया जाए। उच्च ध्वनि में साउंड सिस्टम का उपयोग न किया जाए। तेज रफ्तार एवं नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर उनके अभिभावकों पर भी कार्रवाई की जाएगी। होली पर्व को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। नगरपालिका क्षेत्र में पानी की समुचित आपूर्ति, साफ-सफाई तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए नगर सेना की टीम तैनात रहेगी, ताकि किसी भी स्थिति पर त्वरित नियंत्रण पाया जा सके। पुलिस विभाग द्वारा भी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने हेतु एडवाइजरी जारी की गई है। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, उपाध्यक्ष भुवन सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल सहित वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पार्षद, मीडिया प्रतिनिधि एवं व्यापारी संगठन के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आपसी सहयोग एवं समन्वय के माध्यम से त्योहारों को शांति, सुरक्षा और भाईचारे के साथ मनाना रहा।

## अपर मुख्य सचिव ने हाथकरघा व हस्तशिल्प प्रशिक्षण का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

अपर मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ ने सोमवार को दंतेवाड़ा प्रवास पर राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद द्वारा संचालित प्रशिक्षण-सह-उत्पादन केंद्र का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने केंद्र में संचालित फैशन डिजाइन, हैंडलूम एवं पावरलूम से संबंधित प्रशिक्षण गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की तथा अधिकारियों से चर्चा कर प्रशिक्षण की वर्तमान संरचना, कौशल विकास की प्रक्रिया और प्रशिक्षण उपरांत रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान अपर मुख्य सचिव ने केंद्र की दीर्घकालीन स्थिरता एवं भविष्य की कार्ययोजना पर विशेष जोर दिया। उन्होंने उत्पादन इकाई का अवलोकन करते हुए प्रशिक्षुओं द्वारा निर्मित वस्त्र एवं अन्य उत्पादों को देखा और उनकी गुणवत्ता की सराहना की। अधिकारियों ने बताया कि माई जी वेलफेयर सोसाइटी का गठन किया जा चुका है, जिसके माध्यम से उत्पादन इकाई को सुदृढ़ एवं स्थायी रूप से स्थापित किया जाएगा तथा उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव पिंगुआ ने लाइवलीहुड कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित विभिन्न ट्रेडों का निरीक्षण किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुनर्वासितों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा केवल प्रशिक्षण प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात वे स्वयं का उद्यम स्थापित कर सम्मानजनक आजीविका अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने पुनर्वासितों को वेलकम किट वितरित कर उन्हें सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



उल्लेखनीय है कि केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुनर्वासितों की दिनचर्या अनुशासित एवं उद्देश्यपूर्ण है। प्रतिदिन प्रातः व्यायाम और योग के साथ दिन की शुरुआत होती है, जिसके बाद निर्धारित समयानुसार सैद्धांतिक और प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षुओं को वस्त्र निर्माण, डिजाइनिंग, करघा संचालन, सिलाई-कढ़ाई, उत्पाद गुणवत्ता प्रबंधन तथा विपणन से संबंधित व्यवहारिक जानकारी प्रदान की जा रही है।

## विधायक सीसी रोड भूमिपूजन व अन्य कार्यक्रमों में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल अपने नवीन दायित्व ग्रहण करने के उपरांत प्रथम बार क्षेत्र प्रवास पर ग्राम महुपाल बरई पहुंचे, जहां उन्होंने सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। ग्राम पंचायत महुपाल बरई पहुंचने पर क्षेत्रवासियों एवं ग्रामवासियों ने उपनेता प्रतिपक्ष बनने पर बघेल का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान लखेश्वर बघेल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामवासियों द्वारा लंबे समय से सीसी रोड निर्माण की मांग की जा रही थी।



ग्रामीणों के विशेष आग्रह एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए तत्काल संज्ञान लिया गया और विधायक निधि से 230 मीटर सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई, जिसकी लागत राशि 6 लाख 99 हजार रुपये है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देना उनकी सर्वोच्च जिम्मेदारी है। इसके पश्चात उन्होंने छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन की आम सभा के विशेष कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यक्रम में सारथी संघ के पदाधिकारियों एवं ड्राइवर साथियों ने उनका स्वागत करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने पर आभार व्यक्त किया।

सभा को संबोधित करते हुए बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के ड्राइवर साथी केवल वाहन चालक ही नहीं, बल्कि देश और समाज की प्रगति के सच्चे सारथी हैं दिन-रात कठिन परिस्थितियों में कार्य करते हुए वे आवश्यक सेवाओं, व्यापार और जनजीवन की गति को बनाए रखते हैं। उनकी मेहनत से ही प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था निरंतर आगे बढ़ती है। उन्होंने संगठन की एकता, अनुशासन एवं भाईचारे को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि संगठित रहकर ही अधिकार, सम्मान और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है।

## अब आवाज में गूंजेगा लक्ष्मण का नया सॉन्ग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचल बस्तर के एक छोटे से गांव ग्राम नारायणपाल (आड़ावाल), जनपद पंचायत बस्तर, जिला बस्तर में रहने वाले आदिवासी युवक लक्ष्मण बघेल आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। अपनी सादगी, सच्चाई और जमीन से जुड़े विचारों के कारण उन्होंने सोशल मीडिया पर एक अलग और मजबूत पहचान बनाई है।

आम जीवन की छोटी-छोटी बातों को सहज, सरल और प्रभावशाली अंदाज़ में प्रस्तुत करने वाले लक्ष्मण बघेल ने बहुत कम समय में लाखों लोगों के दिलों में अपनी खास जगह बना ली है। लक्ष्मण बघेल का सफर बिल्कुल साधारण पृष्ठभूमि से शुरू हुआ। गांव की मिट्टी, खेत-खलिहान, जंगल, नदी-नाले और आदिवासी संस्कृति उनके जीवन और व्यक्तित्व का अहम हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कभी भी अपनी जड़ों से दूरी नहीं बनाई। यही वजह है कि उनकी बातों में अपनापन, सच्चाई और भरोसा साफ झलकता है। सोशल मीडिया के माध्यम से वे लगातार बस्तर की समस्याओं, आदिवासी समाज की भावनाओं, पर्यावरण संरक्षण, जल-जंगल-जमीन और सामाजिक मुद्दों को मजबूती से सामने रखते रहे हैं। उनकी खासियत यह है कि वे किसी बनावटी भाषा या दिखावे का सहारा नहीं लेते। उनकी बातों में वही शब्द होते हैं, जो आम ग्रामीण और आदिवासी समाज की जुबान में बसते हैं। शायद यही कारण है कि लोग उन्हें केवल सुनते ही नहीं, बल्कि उनसे खुद को जुड़ा हुआ भी महसूस करते हैं। वे बस्तर के उन युवाओं की आवाज़ बन चुके हैं, जिनकी बातें अक्सर मुख्यधारा तक नहीं पहुंच पातीं। विशेष रूप से इंद्रावती नदी को बचाने के लिए लक्ष्मण बघेल द्वारा सोशल मीडिया पर शुरू किया गया अभियान बस्तर में काफी चर्चा का विषय रहा। उन्होंने लगातार वीडियो, पोस्ट और संदेशों के माध्यम से नदी संरक्षण की आवाज बुलंद की।

## मृतकों के परिजनों को 20 लाख स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं से मृतकों के परिजनों को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत नदी-नाले के पानी में डुबने से मृत्यु के पश्चात मृतिका पोदिये वेको के निकटतम वारिस उनके पति छन्नू वेको, मृतिका सुनिता कोवासी के निकटतम वारिस उनकी माता पाण्डो कोवासी, मृतक राकेश वेको के निकटतम वारिस उनके पिता छन्नू वेको, मृतक भादू वेको के निकटतम वारिस उनकी पत्नि इडमें वेको एवं मृतक अविनाश हपका के निकटतम वारिस उनके पिता बीरेन्द्र हपका सहित प्रत्येक मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपये कुल 20 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

## नपं अध्यक्ष ने मीट मार्केट के व्यापारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नगर पंचायत गीदम में नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना की अध्यक्षता में मीट मार्केट के व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। जिसमें भविष्य में नए एवं सुव्यवस्थित मीट मार्केट के निर्माण और वर्तमान व्यवस्था को बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में सभी व्यापारियों ने नगर के किनारे एक नए, व्यवस्थित एवं मानक अनुरूप मीट मार्केट के निर्माण पर सहमति व्यक्त की। नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने बताया कि प्रस्तावित योजना के अनुसार, मार्केट के निर्माण के पश्चात नगर के सभी मीट व्यापारी अपनी दुकानें एक ही निर्धारित परिसर के भीतर संचालित करेंगे। इससे स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ होगी और यातायात सहित अन्य समस्याओं का भी समाधान संभव हो सकेगा। साथ ही दुकानों से निकलने वाले अपशिष्ट के उचित निस्तारण हेतु वहाँ विशेष मशीन स्थापित की जाएगी, जिससे कचरे का तत्काल निष्पादन किया जा सके। उन्होंने बताया कि मीट मार्केट के निर्माण के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट तैयार कर प्रेषित कर दिया गया है और कलेक्टर से शीघ्र आवश्यक स्वीकृति एवं फंड उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। इससे गीदम नगर पंचायत को स्वच्छ, सुंदर एवं आदर्श नगर बनाने की दिशा में एक और ठोस कदम आगे बढ़ाया जा सकेगा। कलेक्टर ने भी इसके लिए अपनी सहमति प्रदान की है। साथ ही मीट मार्केट के व्यापारियों ने इस पहल का स्वागत किया है और कहा है कि इससे उनकी समस्याओं का समाधान होगा और वे अपने व्यवसाय को और भी बेहतर ढंग से संचालित कर पाएंगे।

■ सुव्यवस्थित मीट मार्केट के निर्माण और वर्तमान व्यवस्था को बेहतर बनाने पर हुई चर्चा



## होली शांति से मनाने पर सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

होली से पूर्व दरभा थाना प्रभारी चाणक्य नाग ने थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं कोटवार एवं आम नागरिकों की शांति समिति की बैठक करवाई। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों व नागरिकों को होलिका दहन व होली खेलने के दौरान मुख्य मार्ग में होली नहीं खेलने तथा किसी धर्म विशेष के लोगों के साथ जबरन रंग ग़ुलाल नहीं लगाने एवं शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में होली पर्व मनाने समझाइस दी गई। वही पर्व के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति व घटना की जानकारी तत्काल दरभा थाना में देने के निर्देश दिए गए। होली पर्व को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक में मुखौटा नहीं पहनने व हाई टेंशन तार के नीचे होली नहीं जलाने तथा मुख्य मार्ग में होली नहीं खेलने कहा गया। इस दौरान दरभा थाना प्रभारी चाणक्य नाग के साथ सब इंस्पेक्टर द्वारिका प्रसाद मिश्रा एवं स्टाफ के साथ क्षेत्र के सरपंच, उप सरपंच, कोटवार एवं आम नागरिक उपस्थित रहें।






**न्यायालय तहसीलदार बस्तर**
**जिला बस्तर छ.ग.**
**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र./क/ब 121/2025-2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सन्तु राम कश्यप पिता/पति स्व. आयतु राम जाति माड़िया निवास ग्राम बोड़न पाल-1 द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके स्वयं/पुत्र/पुत्री/माता स्व. बुदनी कश्यप पिता/पति आयतु राम की माता/पिता... मृत्यु दिनांक 21/04/2025 को ग्राम बोड़नपाल-1 में होना बताते हुए मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/महिला/संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 06/03/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया ।

मुहर — **तहसीलदार बस्तर**

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर**
**जिला बस्तर छ.ग.**
**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र./क/ब 121/2025-2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका रतन राम कश्यप पिता/पति स्व. धरमू राम कश्यप जाति माड़िया निवास ग्राम बोड़न पाल-1 द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके स्वयं/ पुत्र/ पुत्री/ पिता स्व. धरमू राम कश्यप पिता/पति आयतु की माता/पिता बुदनी मृत्यु दिनांक 04/04/2025 को ग्राम बोड़नपाल-1 में होना बताते हुए मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/महिला/संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 06/03/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया ।

मुहर — **तहसीलदार बस्तर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा**
**जिला बस्तर (छ.ग)**
**// उद्घोषणा //**

राजस्व प्रकरण क्रं./ ब-121/ 202509152300105/2024-25 ग्राम बाघनपाल प.ह.नं 17

एतद् द्वारा के आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक द्वारा स्वंय का जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु, शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, का मूलप्रति एव, आधारकार्ड, राशन कार्ड, अंकसूची की छायाप्रति के साथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। आवेदक स्वंय शंकर कश्यप पिता उजमन का जन्म दिनांक 16/08/1997 उल्लेखित है। जिनका प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है। जिसकी पेशी तिथि 15/03/2026 को नियत है। यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपने अभिभाषक अथवा अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित अवधि तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयो.रान्त किसी के भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा**

**खबर संक्षेप**

### मिलन समारोह में एकता का संदेश

**जगदलपुर।** अंचल के तेलुगू ब्राह्मण परिवारों को एक सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से 1 मार्च को बस्तर तेलुगू ब्राह्मण संघम् द्वारा विशेष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य था कि भविष्य में सभी परिवार एक-दूसरे की आवश्यकताओं, सुख-दुख और सामाजिक दायित्वों में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहें।

कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की आराधना से हुई। इसके पश्चात उपस्थित वरिष्ठजनों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। सहभागी परिवारों ने आपस में विस्तृत परिचय देते हुए उन वरिष्ठजनों को स्मरण किया, जिन्होंने सीमित संसाधनों और संघर्षपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद समाज को संगठित रखने का निरंतर प्रयास किया। संघम् की ओर से पुराने वरिष्ठजनों के योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मान पत्र एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया, ताकि नई पीढ़ी भी उनके सामाजिक समर्पण से प्रेरणा ले सके। इस अवसर पर जगदलपुर के अलावा बस्तर संभाग के कोंडागांव और सुकमा जिले से भी परिवारों की सहभागिता रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समारोह में समाज के वरिष्ठजनों के साथ पंडित शंकर राव, प्रसाद राव, जी सूर्या राव,टी वेंकट साईं, टी एस एस प्रकाश, वेणु गोपाल राव, महेश तेन्नेटी,तेन्नेटी नाधम, पी रंगाचारी एवं अन्य ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

### उपनेता प्रतिपक्ष बनने पर अभिनंदन



**जगदलपुर।** जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष टी.वि. रवि ने बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को छत्तीसगढ़ विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष नियुक्त होने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी।

# डिस्पोजल कप से फोन और अम्ल वर्षा जैसे जटिल विषयों को सरल मॉडल से किया प्रस्तुत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

## बड़ेमुरमा में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



विज्ञान वह दीपक है जो अज्ञानता के अंधकार को ज्ञान के प्रकाश में बदल देता है। इसी प्रेरणादायी विचार के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बड़ेमुरमा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में वैज्ञानिक सीवी रमन की विरासत को याद किया गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को मंच मिला । जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल और जिला विज्ञान टीम के सदस्यों जयनारायण पाणिग्राही, सचिन कारेकर, मनीष श्रीवास्तव और जी श्रीनिवास के मार्गदर्शन में हुआ।

कक्षा 11 वीं की छात्रा नीलिमा नाग ने अपने ओजस्वी विचारों के माध्यम से विज्ञान के क्षेत्र में नारी शक्ति की भूमिका को रेखांकित किया और बालिकाओं को नवाचार के क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया। वहीं कुमारी साक्षी कश्यप ने रमन प्रभाव के वैज्ञानिक पहलुओं और सी.वी. रमन के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनसमूह को विज्ञान के प्रति अपनी अभिरुचि से प्रभावित किया।

विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित विज्ञान मॉडल को सराहना मिली। छात्रों ने डिस्पोजल कप से फोन निर्माण, चुंबक के प्रयोग, टिंडल प्रभाव, जल का अपघटन और अम्ल वर्षा जैसे जटिल विषयों को सरल मॉडलों के माध्यम से समझाया। विद्यार्थियों ने परावर्तन, अपवर्तन, विलयन और सूर्य दर्शन जैसे प्रयोगों के साथ-साथ जल, अमोनिया एवं नमक के 3डी मॉडल प्रदर्शित किए।

### महान वैज्ञानिकों के पदचिन्हों पर चलने का संदेश दिया

इस अवसर पर समीर नाग ने बच्चों को इन प्रयोगों के पीछे छिपी वैज्ञानिक अवधारणाओं की जानकारी दी और उन्हें महान वैज्ञानिकों के पदचिन्हों पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम प्रभारी मनीष कुमार अहीर ने विज्ञान दिवस की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर प्रयोगात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना समय की मांग है। प्राचार्य अरविंद त्रिपाठी ने छात्रों को केवल उत्तर खोजने वाला नहीं, बल्कि प्रश्न पूछने वाला जिज्ञासु बनने की सीख दी।

# होली से पहले धान का बोनस निकालने बैंकों में लगी भीड़

## जगदलपुर से लेकर बस्तर का प्रवेश द्वार चारामा तक किसानों का तांता









होली से पहले सोमवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों की शाखाओं में किसानों का जमावड़ा देखने को मिला। सुबह से शाम तक घंटों इंतजार के बाद बैंकों से राशि मिली। भीड़ को दखते हुए कर्मियों ने टोकन दे दिया था। इसे लेकर किसान अपनी बारी का इंतजार करते हुए डटे रहे। जिला सहकारी बैंक के मुख्य शाखा जगदलपुर में आसपास के दर्जनों गांव के किसान रकम निकालने पहुंचे थे। हरिभूमि ने बैंक पहुंचकर किसानों से चर्चा की। कुरंदी का किसान अर्जुन वैद्य के खाते में बोनस की राशि 38 हजार 800 रुपये आया है। वह पूरी राशि निकालने बैंक पहुंचा है। लगभग ढ़ाई बजे टोकन लेकर बैठा था वहीं बिलौरी के समधु के खाते में 30 हजार आया है जिसमें से आधा निकाल रहा है। भाटीगुडा का रामु के खाते में 45 हजार आया है जिसमें से 20 हजार निकालने बैठा हुआ है। सभी ने कहा कि सुबह से आए हैं अभी तक नंबर नहीं आया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने होली से पहले बोनस का पैसा खाते में भेजने का वादा किया था जो समय से पहले आ गया। उन्होंने सरकार से खुश होने की बात कही। राशि आ गया अब होली धूमधाम से मनाएंगे। कुछ किसानों ने कहा कि होली का त्यौहार खाने, पीने और मौज मस्ती करने का है। रंग, गुलाल के साथ मुर्गा, बकरा और दारू खा पीकर होली मनाएंगे। बैंक में महिलाएं भी पहुंची थी। बैंक परिसर के भीतर किसानों का अलग अलग समूह नजर आया जो टोकन लेकर बैठे थे। वहीं एटीएम मोबाइल वैन भी खड़ा था। जहां से युवा किसान सीधे नोट निकाल रहे थे।

■ सुबह से शाम तक टोकन लेकर डटे रहे किसान

### बैंक उपाध्यक्ष ने लखनपुरी, केशकाल और चारामा में देखा नजारा

सोमवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा रायपुर के लिए रवाना हुए। रास्ते में दिखे सहकारी बैंक के शाखाओं में भारी संख्या में किसान पहुंचे थे। ये लोग बोनस की राशि निकालकर होली मनाने के साथ अन्य कार्य के लिए डटे रहे। उन्होंने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि लखनपुरी, केशकाल और चारामा में किसानों की भीड़ दिखाई पड़ी। चर्चा करने पर सभी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने वादा पूरा किया। होली से पहले पैसा खाते में भेज दिया गया।

### कर्ज लेकर मनाते थे त्यौहार, अब खुद के दम पर

बैंक उपाध्यक्ष मिश्रा ने कहा कि मैं खुद भी किसान हूं बस्तर का मूल निवासी हूं मेरा पूरा जीवन किसानों के बीच गुजरा है। राजनीति में रहकर ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश समय काम करने का अवसर मिला है इसलिए किसानों की हालत से वाकिफ हूं। उन्होंने कहा कई पर्व ऐसे भी गुजरता रहा है जब अभाव के बीच जीने वाले गरीब किसानों को कर्ज लेकर परिवार के खुशी के लिए पर्व मनाना पड़ता था लेकिन आज होली के पहले किसान अपने खाते से परिवार के खुशी के लिए पैसा निकाल रहे है। यहीं सबसे बड़ी बात है।

### तिरिया रवाना हुए 45 अस्थि बाधित विद्यार्थी



जगदलपुर। आज जिले के 45 अस्थि बाधित विद्यार्थियों का एक विशेष दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए तिरिया की ओर रवाना हुआ। यह यात्रा इन बच्चों के जीवन में उमंग और नए अनुभवों का संचार करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। विद्यार्थियों के इस दल की रवानगी के अवसर पर विशेष उत्साह का माहौल रहा, जहां कलेक्टर आकाश छिकारा ने स्वयं पहुंचकर बच्चों से मुलाकात की। कलेक्टर ने न केवल विद्यार्थियों का हाल-चाल जाना, बल्कि उनके साथ समय बिताते हुए उनकी यात्रा को सुखद और ज्ञानवर्धक बनाने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों के आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि शारीरिक चुनौतियाँ कभी भी सीखने और आगे बढ़ने के मार्ग में बाधा नहीं बन सकतीं। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा और समाज कल्याण विभाग की उप संचालक सुचिता मिंज उपस्थित रहीं। अधिकारियों ने बच्चों की सुरक्षा और सुविधाओं का पूरा ध्यान रखते हुए उन्हें रवाना किया। तिरिया के लिए रवाना हुए इन विद्यार्थियों के चेहरों पर घूमने और कुछ नया सीखने की खुशी साफ झलक रही थी। प्रशासन की इस पहल की सराहना की जा रही है, क्योंकि यह भ्रमण इन बच्चों को प्रकृति के करीब ले जाने और सामाजिक समावेश को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर जोर



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद,राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा जारी शीर्षक "विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत में उनका योगदान" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष रूप से छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि, जागरूकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना रहा।

■ शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान दिवस

कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर संचालक,बस्तर संभाग,उच्च शिक्षा विभाग सह प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने की। प्रथम दिवस दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। अपने वक्तव्य में उन्होंने पर्यावरणीय कारकों के दुष्प्रभावों तथा वैज्ञानिक पद्धति के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रोफेसर एएन खान, प्रो एमएल लखनपाल, प्रो एम अली प्रो वीके श्रीवास्तव,डॉ नवीन सिंह सहित वरिष्ठ प्राध्यापक उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने भारतीय महिला वैज्ञानिकों की 140 वर्षों की यात्रा पर डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुत की।

द्वितीय दिवस पावर पॉइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता में भौतिकी विभाग के आयुष यदु ने रमन प्रभाव पर चर्चा करते हुए सीवी रमन के शोध का उल्लेख किया, जबकि रौनक समदर ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर प्रस्तुति दी।

# रंग,रस और रचनाओं की फुहार में सराबोर हुई काव्य गोष्ठी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**



साहित्य एवं कला समाज जगदलपुर द्वारा आयोजित काव्य गोष्ठी में होली की आहट के साथ रंगों और रसों की मनभावन बौछार देखने को मिली। कवियों ने गुदगुदाती, व्यंग्यपूर्ण और भावपूर्ण रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को होली के रंग में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विपिन बिहारी दास ने अपनी नई ग़ज़लों से की।

अंचल के गीतकार अवधकिशोर शर्मा ने राजनीति पर चुटीले कटाक्ष किए और नवगीत प्रस्तुत किया। ऋषि शर्मा ऋषि ने ग़ज़लों से समां बांधा। डालेश्वरी पाण्डे ने व्यंग्य और हल्बी गीत से महंगाई पर चोट की। नीता पाण्डे ने व्यंग्य और मां दंतेश्वरी की स्तुति प्रस्तुत की। सुरेन्द्र कुमार, ममता मधु और सूरज कश्यप ने भी रचनाओं से समां बांधा। संचालन सनत सागर ने किया।

गोष्ठी के समापन अवसर पर सनत सागर ने बताया कि 7 मार्च को होली के पावन अवसर पर सिरहासार में संभागीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में क्षेत्र के प्रमुख हास्य और व्यंग्य कवि अपनी प्रस्तुति देंगे। रंगों के इस मौसम में शब्दों की रंगत को और प्रखर बनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। अंत में स्वल्पाहार के साथ गोष्ठी का समापन हुआ।

### नवनीत कमल सेवानिवृत हुई, बस्तर माटी ने किया सम्मान

**जगदलपुर।** बस्तर हाई स्कूल की व्याख्याता नवनीत कमल के सेवानिवृत होने पर जगन्नाथ मन्दिर में बस्तर माटी, मंच की ओर से साहित्यकारों ने पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र तथा श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर साहित्यिक संस्थाओं से उर्मिला आचार्य, हिमांशु शेखर झा, रुद्र नारायण पाणिग्राही, लक्ष्मी मंडल, चंचला सावरकर, पार्वती शर्मा, महेंद्र पांडे, चमेली नेताम 'सुवासिता', नीता पाण्डे, डालेश्वरी पाण्डे, वरिष्ठ पत्रकार एस. करीमुद्दीन उपस्थित थे।

## बलिराम कश्यप वार्ड में एक वर्ष पूरे होने पर सफाई अभियान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**



एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 1 मार्च को स्व.बलिराम कश्यप वार्ड में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत वार्ड में व्यापक साफ-सफाई के साथ घर-घर पहुंचकर नागरिकों से "स्वच्छ वार्ड, स्वच्छ जगदलपुर, स्वच्छ जिला, स्वच्छ राज्य" के संकल्प में सहभागी बनने का आग्रह किया गया।

कार्यकर्ताओं ने डोर-टू-डोर संपर्क कर लोगों से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग कर कचरा गाड़ी में देने की अपील की। स्वच्छता के साथ स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वार्ड में मच्छरनाशी दवाई का छिड़काव भी किया गया, ताकि मौसमी बीमारियों की आशंका को कम किया जा सके। अभियान के दौरान जनजागरूकता पर विशेष बल दिया गया। लोगों को समझाया गया कि कचरा पृथक्करण से न केवल सफाई व्यवस्था सुदृढ़ होती है,बल्कि पर्यावरण संरक्षण और पुनर्चक्रण की प्रक्रिया भी प्रभावी बनती है। वार्डवासियों ने भी इस पहल में सहयोग का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में जिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रंजीत पांडे, वीर नारायण दूधी, बूथ अध्यक्ष पुष्पा तिवारी, रीना राय, प्रियंजलि दास, बीएएलए माला दास, महिला मोर्चा सदस्य प्रीति कौर, पूर्वी मंडल मीडिया प्रभारी शैलेश श्रीवास्तव तथा वार्ड पार्षद गिरिजा गुप्ता की उपस्थिति में अभियान संपन्न हुआ।

# 1998 के शिक्षकों को ओपीएस का पुनः अवसर मिले : संघ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**





■ पूर्व सेवा शून्य मानने से 12 हजार शिक्षक पेंशन लाभ से वंचित

प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ ने वर्ष 1998 में नियुक्त शिक्षकों को यूपीएस के साथ-साथ ओपीएस (पुरानी पेंशन योजना) चुनने का पुनः अवसर देने की मांग की है। संघ का कहना है कि अगस्त 2025 से नियुक्त कर्मचारियों के लिए यूपीएस लागू करने की तैयारी की जा रही है, जबकि वर्ष 1998-99 में नियुक्त शिक्षकों के साथ पेंशन के मामले में अन्याय हुआ है। संघ के अनुसार वर्ष 1998 में नियुक्त अनेक शिक्षकों का नियमितीकरण वर्ष 2001 में तथा संविलियन वर्ष 2018 में हुआ, लेकिन संविलियन तिथि को ही नियुक्ति तिथि मानते हुए उनकी पूर्व सेवा को शून्य घोषित कर दिया गया। पूर्व सेवा की गणना नहीं होने से लगभग 12 हजार शिक्षक दस वर्ष की अनिवार्य सेवा अवधि से वंचित माने गए और उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल सका। परिणामस्वरूप कई शिक्षक ओपीएस का विकल्प भी नहीं भर पाए और उन्हें एनपीएस के दायरे में रखा गया। संघ ने बताया कि इस विषय में मुख्यमंत्री को कई बार ज्ञापन सौंपे गए हैं और आश्वासन भी मिला है, किंतु अब तक ओपीएस विकल्प पुनः खोलने तथा पूर्व सेवा गणना के संबंध में कोई स्पष्ट आदेश जारी नहीं हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी एवं प्रदेश महासचिव ने संयुक्त बयान में सरकार से संवेदनशीलता दिखाते हुए यूपीएस के साथ ओपीएस का विकल्प पुनः जारी करने तथा पूर्व सेवा गणना का आदेश शीघ्र जारी कर 1998-99 के शिक्षकों के साथ न्याय सुनिश्चित करने की मांग की है। उच्च न्यायालय ने सेवा को शून्य न मानते हुए पूर्ण पेंशन लाभ देने के निर्देश दिए हैं, बावजूद इसके अब तक ओपीएस विकल्प पुनः खोलने का आदेश जारी नहीं हुआ है।

# बस्तर की कला को नई ऊंचाई देने कलेक्टर पहुंचे बादल एकेडमी, कलाकारों का बढ़ाया मनोबल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**



बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और युवाओं को कला के क्षेत्र में दक्ष बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर आकाश छिकारा ने आसना स्थित बादल एकेडमी (बस्तर एकेडमी ऑफ डांस, आर्ट, लिटरेचर एंड लैंग्वेज) का गहन अवलोकन किया। इस भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने एकेडमी परिसर में संचालित हो रही विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का जायजा लिया और वहां मौजूद कला साधकों से सीधा संवाद स्थापित किया।

कलेक्टर के इस भ्रमण का विशेष अवसर भित्तिचित्र कार्यशाला का समापन रहा, जहां उन्होंने प्रदेश भर से आए 50 प्रतिभागियों से मुलाकात की। इन प्रतिभागियों ने कार्यशाला के दौरान भित्तिचित्र कला का गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया था। कलाकारों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों की सराहना करते हुए कलेक्टर छिकारा ने कहा कि प्रदेश की पारंपरिक कलाओं को आधुनिक स्वरूप में प्रस्तुत करना समय की मांग है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कलाकारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनके कौशल की प्रशंसा की।

कलेक्टर ने भित्तिचित्र के साथ-साथ एकेडमी में चल रहे गोदना कला के प्रशिक्षण सत्र का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने गोदना शिल्प के प्रशिक्षुओं से बातचीत कर उनके अनुभव जाने और इस पारंपरिक विधा को जीवंत बनाए रखने के प्रयासों पर चर्चा की। कलेक्टर ने एकेडमी के अधिकारियों के साथ भविष्य की रूपरेखा पर विमर्श करते हुए संस्थान की गतिविधियों को और अधिक व्यापक बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एकेडमी को बस्तर की कला, गीत-संगीत, साहित्य और भाषा के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए नई योजनाओं को जोड़ा जाएगा, ताकि स्थानीय कलाकारों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर मंच और अवसर प्राप्त हो सके।



स्वामी जी 9340638884
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
भेंट द्वारिका, द्वारिकाधीश, सोमनाथ, नागेश्वर, ओम कालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रुक्मणी मंदिर, त्र्यम्बकेश्वर, गोपी तालाब, सिरडी, शनि शिंगनापुर, नासिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थान
यात्रा दिनांक: 28 मार्च, 2026 | 04 अप्रैल, 2026 | 04 जून, 2026 | 14 जून, 2026 | 29 जुलाई, 2026 | 11 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ~~₹ 21,500/-~~ ऑफर ₹ 18,500/- 3AC ~~₹ 32,500/-~~ ऑफर ₹ 29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office: ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411